**DAV PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR**
**PERIODIC ASSESSMENT - I (2021-22)**

**STD-VIII SUBJECT-LOWER HINDI DATE –30.07.2021**
**TIME- 1 hour Max. Marks – 40**

**सामान्य निर्देश**

- **प्रश्न पत्र में दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
- **उत्तर चुनने से पहले सभी विकल्पों को ध्यान से पढ़िए ।**
- **उत्तर सबमिट करने से पहले एक बार पुनः जाँच लें ।**

**(खंड क-पठन प्रश्न 1-5)**

*** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

संस्कृति का सामान्य अर्थ है,मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति विचार व आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जाता है कि इसे हम अतीत से अपनी विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही होती है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इनमें भेद हैं। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके लिए विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है। इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका विकास भी साथ-साथ होता है। अंतर केवल इतना है कि सभ्यता समय के बाद बदलती रहती है, किंतु संस्कृति शाश्वत रहती है।

1.संस्कृति का क्या अर्थ है?

क. संस्कृति का मतलब एक विषय है ।

ख. संसार की विरासत ही संस्कृति है ।

ग. संस्कृति अर्थात मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि।

घ. संस्कृत विषय से संस्कृति की पहचान है संस्कृत शाश्वत है।

2.संस्कृति को विरासत का स्वरूप क्यों कहा जाता है?

क. संस्कृति में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है।

ख. संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है इसलिए उसे विरासत का स्वरूप कहा जाता है।

ग. संस्कृति में मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार है ।

घ. संस्कृति समय के बाद बदलती रहती है।

3.सभ्यता और संस्कृति में क्या भेद है?

क. प्रकृति समय के साथ बदलती है लेकिन नियति शाश्वत रहती है।

ख. संस्कृति समय के साथ बदलती है लेकिन सभ्यता शाश्वत रहती है।

ग. रीति समय के साथ बदलती है लेकिन नीतियाँ शाश्वत रहती है।

घ. सभ्यता समय के साथ बदलती है लेकिन संस्कृति शाश्वत रहती है।

4.सुख-सुविधाओं में कौन सा चिह्न लगा है ?

क. पूर्ण विराम

ख. अनुनासिक

ग. योजक

घ. नुक्ता

5.असभ्यता का विलोम शब्द गद्यांश से खोजकर लिखिए -

क. सभ्य

ख. सभ्य जीवन

ग. मानव की सभ्यता

घ. सभ्यता

(खंड ख-व्याकरण आधारित प्रश्न 6-20 )

6. नानी के गाँव में नारियल,केले और पीपल के पेड़ों का बगीचा था ।इनमें व्यक्तिवाचक संज्ञा है ।

क. नारियल

ख. पीपल

ग. क और ख दोनों सही है।

घ. कोई भी सही नहीं हैं ।

7.जातिवाचक संज्ञा शब्दों को पहचानिए -

क. वल्लभ भाई,रमेश,कक्षा

ख. रामपुर,कटक,भोला

ग. देश,आदमी,नदी

घ. मुंबई,तेल,सोना

8. चादर का बहुवचन होगा -

क. चादर्रे

ख. चादरें

ग. चादर

घ. चादरों

9. जिसके आने की तिथि न हो -

क. दादाजी

ख. भाई

ग. अतिथि

घ. पिताजी

10.नगर में रहने वाला

क. नागरी

ख. नगर

ग. नागरिक

घ. सैनिक

11. वल्लभ भाई के नेतृत्व में किसानों ने अंग्रेजी साम्राज्य की -----------। सही मुहावरे से वाक्य पूरा करिए ।

क. डंका बजाना

ख. ईंट से ईंट बजाना

ग. मुँह फुलना

घ. हाथ -पैर फूलना

12. लड़की का व्यक्तिवाचक शब्द नहीं है-

क. बेटी

ख. रीना

ग. रोहन

घ. क और ग

13. दिये गए शब्दों में से अशुद्ध शब्द की पहचान कीजिए -

क. आँसू

ख. स्वातंत्र

ग. संबंध

घ. आशाएँ

14. नेताजी ने अनेक जन- ________ में भाषण दिए ।

क. धाराओं

ख. सभाओं

ग. गाँवों

घ. तालाबों

15. जिस संज्ञा शब्द से किसी वर्ग के सभी -------,---------,या ------- का बोध हो,उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

क. प्राणियों,गायों,नगरों

ख. वस्तुओं ,शहरों ,गावों

ग. स्थानों,हवाओं,शेरों

घ. प्राणियों,वस्तुओं,स्थानों

16. आँख का पर्यायवाची  शब्द है -

क. मृग

ख. चक्षु

ग. पक्षी

घ. भूमि

17. धरती के पर्यायवाची शब्द हैं  -

क. धारा,धाराएँ,धरती

ख. धरा,भूमि,ज़मीन

ग. धरे,धरते,तरु

घ. पाताल,स्वर्ग,तरु

18.सही वाक्य रचना की पहचान कीजिए -

क. पर वह कुछ समझ तो सका न ?

ख. क्या हो गया आखिर ?

ग. क्यों आया है यह ?

घ. भला उसने ऐसा क्यों किया ?

19."विट्ठल मुंबई में पढ़ रहा है" ,पिताजी ने समझाते हुए कहा । दिए वाक्य से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों का चयन कीजिए -

क. बिट्ठल

ख. मुंबई

ग. पिताजी

घ. क और ख दोनों सही है ।

. 20. --------------- दरबारियों ने काफ़ी देर तक विचार-विमर्श किया । सही विशेषण शब्द का चयनकर खाली जगह भरिए-

क. अकेले

ख. अक़्लमंद

ग. बड़े

घ. दिमागी

(खंड ग -पाठ आधारित प्रश्न 21-40)

21.होजा ने बादशाह के प्रस्ताव को क्यों ठुकरा दिया ?

क. क्योंकि वह बहुत सुंदर था ।

ख. क्योंकि वह नाराज़ था ।

ग. क्योंकि वह आराम करने में मशगूल रहता था ।

घ. क्योंकि वह खुद राजा था ।

22.वल्लभ भाई को देश किस नाम से याद करता है ?

क. पटेल

ख. लौहपुरुष

ग. लोहा

घ. काका

23. पेड़ किसके सपने देखेंगे ?

क. धरती के

ख. हरी -भरी धरती के

ग. स्वर्ग के

घ. तारों के

24.चंदा कब चमकेगा ?

क. भरी धूप में

ख. छाँव में

ग. दिन में

घ. तारों की जगर -मगर में

25. बीजों को कौन कान पकड़कर उठाएगा ?

क. सूरज

ख. चंद्रमा

ग. तारे

घ. जुगनू

26. सरदार की उपाधि वल्लभभाई को किसने दी ?

क. जवाहर लाल नेहरू ने

ख. राजवीर सिंह ने

ग. नेता जी ने

घ. गांधीजी ने

27.दूत ने जेब से क्या निकाल ?

क. खड़िया

ख. रुमाल

ग. पैसे

घ. खिलौने

28. होजा अपने साथ क्या लेकर गया ?

क. कबूतर

ख. खिलौने

ग. चूज़ा

घ. ख और ग दोनों

29.वल्लभ भाई ने कौन सी परीक्षा पास की ?

क. डॉक्टर की

ख. इंजीनियरिंग की

ग. मुख्तारी की

घ. आई पी एस की

30.पेड़ कब खाना खाते हैं ?

क. सुबह

ख. शाम

ग. भरी धूप में

घ. रात में

31.”काका मैं आगे पढ़ना चाहता हूँ।“ किसने कहा किससे कहा ?

क. वल्लभ भाई ने विट्ठल भाई से

ख. विट्ठल भाई ने वल्लभ भाई से

ग. वल्लभ भाई ने अपने पिता से

घ. वल्लभ भाई ने अपने चाचा से

**- सही शब्दों का चयन करके खाली जगह भरिए-(प्रश्न 32 से 35 तक)

32.वल्लभ भाई ने अपने बड़े भाई के हाथ से ---------- ले लिया ।

क. मिठाई

ख. खरबूजा

ग. लिफ़ाफ़ा

घ. टिकट

33.जुगनू की ------- ------- में पेड़ सो जाएँगे ।

क. लपक -झपक

ख. लपर -झपर

ग. जागर -मगर

घ. जगर -मगर

34. सुलतान के पास ----------- फ़ौजी हैं ,यह था --------- के दाने फेंकने का मतलब ।

क. मशहूर ,चावल

ख. मगरूर ,गेंहू

ग. बेशुमार ,चावल

घ. बेनकाब, चावल

35.एक दिन --------- के सुल्तान के दरबार में पड़ोसी सुल्तान का दूत आया ।

क. लाहौर

ख. बगदाद

ग. भारत

घ. चीन

36.अहा !होजा (उफ़ -उफ)तुम्हें फ़ौरन सुलतान ने बुलाया है । यह कथन किसने कहा ?

क. हरकारे ने

ख. राहगीर ने

ग. पड़ोसी दूत ने

घ. दोस्त ने

37.पेड़ में कौन पीठ खुजाएगा ?

क. गाय

ख. तोते

ग. चिड़िया

घ. मोर

38.पेड़ किसकी थाली में खाना खाएँगे ?

क. सोने की

ख. चाँदी की

ग. पीतल की

घ. पत्तों की

39.कौन सा कथन वल्लभ भाई के विषय में सही नहीं है ?

क. वल्लभ भाई की वाणी में दृढ़ता थी ।

ख. वल्लभ भाई आज्ञाकारी पुत्र थे ।

ग. वल्लभ भाई 1913 में वह पढ़ाई पूरी करके इंग्लैंड गए ।

घ. गांधी जी के सिद्धांतों से प्रेरित होकर स्वतन्त्रता संग्राम से जुड़े ।

40.सरदार पटेल ने अहमदाबाद की सभा में क्या कहा ?

क. अगर कल सब नेता हार जाएँ तो तुम लौट जाना ।

ख. सभी अलग साम्राज्य स्थापित करना ।

ग. भारतीय रियासतों पर हुकूमत करना ।

घ. मर जाना पर आगे बढ़ाया कदम पीछे नहीं हटाना ।

*************************